राजस्थान पत्रिका

18/3/2015

राष्ट्रीय स्तर पर लहराया परचम

मालपुरा . करनाल में आयोजित प्रतियोगिता में विजेता ट्रॉफी के साथ संस्थान के खिलाड़ी।

मालपुरा @ पत्रिका

patrika.com

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद नई दिल्ली के तत्वावधान में राष्ट्रीय डेयरी अनुसंधान संस्थान करनाल हरियाणा में 11 से 14 मार्च तक अंतर सम्भागीय खेलकूद हुए।

इसमें केन्द्रीय भेड़ एवं ऊन अनुसंधान संस्थान अविकानगर की टीम ने राष्ट्रीय स्तर पर टीम इवेंट वाली तीनों प्रतियोगिताओं में जीत दर्ज की।

प्रभारी डॉ. रमेश चंद शर्मा ने बताया कि डॉ. अरुण कुमार तोमर एवं सैयद अब्दुल कदीर नकवी टीम मैनेजर के नेतृत्व में बॉस्केटबॉल, वॉलीबॉल स्मेशिंग एवं वॉलीबॉल शूटिंग प्रतियोगिता में डॉ. देवेन्द्र कुमार, डॉ. लीलाराम गुर्जर, एवं डॉ. सुरेश चंद शर्मा की टीम ने बेहतर प्रदर्शन कर जीत हासिल की। संस्थान निदेशक डॉ. एस. एम. के. नकवी ने खिलाड़ियों के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पर खिलाड़ियों की हौसला अफजाई करते हुए संस्थान के लिए गौरव की बात बताई। प्रतियोगिता में देश के 48 संस्थानों के लगभग 550 खिलाड़ियों ने भाग लिया।